ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 16-11-2021

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-11-16 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-11-17	2021-11-18	2021-11-19	2021-11-20	2021-11-21
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	30.0	29.0	29.0	28.0	28.0
न्यूनतम तापमान(से.)	12.0	12.0	12.0	11.0	11.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	25	23	19	18	19
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	13	11	10	9	11
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	11.0	10.0	13.0	12.0	13.0
पवन दिशा (डिग्री)	89	72	68	64	50
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 28.0 से 30.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 11.0 से 12.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

सरसों की फसल में पौधों की संख्या समान रखने के लिए अतिरिक्त पौधों को उखाड़े तथा पौधें से पौधें की दूरी 10 सेमी रखें। पेन्टेड बग व आरा मक्खी का प्रकोप दिखाई देने पर रोकथाम हेतु मिथाईल पैराथियान 2 प्रतिशत चूर्ण 20 किलो प्रति हैक्टेयर में भुरकाव करें।

लघु संदेश सलाहकार:

दिन का तापमान 30 डिग्री सेंटीग्रेड से कम होने पर गेहूँ, जौ तथा ईसबगोल की बुवाई करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	गेहूं की बुवाई करें। राज-4120, जी.डब्ल्यु-11, एच.डी-2967, राज-4238, राज-3077, राज-3777, राज-4037, राज-1482 व डब्ल्यू.एच-147 गेहूं की उन्नत किस्में है। नत्रजन, फास्फोरस व पोटाश उर्वरको की मात्रा 60, 40 व 20 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर होनी चाहिएं। गेहूं की बुवाई हेतु 100-120 किलो बीज प्रति हैक्टेयर काम में लें तथा बीज को 2 ग्राम थाइरम या 2.5 ग्राम मैन्कोजेब प्रति किलो की दर से उपचारित करें।
गेहूँ	गेहूं की फसल को अनावृत्त कंडवा रोग से बचाव हेतू बुवाई से पूर्व बीजों को विटावैक्स नामक दवा 2 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें।
जीरा	जीरे की बुवाई के लिए उपयुक्त समय है। बुवाई हेतु आर.जेड-19, आर.जेड-209, जी.जी-4 व आर.जेड-223 उन्नत किस्में है। बीज की मात्रा 12-15 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर रखें। बुवाई से पूर्व बीज को 2 ग्राम कार्बेण्डेजिम या 4 ग्राम टाईकोडरमा विरिडी से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।
जीरा	जीरे की बुवाई के तुरन्त बाद एक हल्की सिंचाई करें तथा दूसरी सिंचाई 6-7 दिन पशचात करें।
जौ	जौ की आर.डी-2794, आर.डी-2052, आर.डी-2035, आर.डी-57, आर.डी-31, आर.डी-103, आर.डी-2552, आर.डी-2715 व बिलाडा-2 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। 2.5 ग्राम मैन्कोजेब से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।
चना	चने में कटवर्म किट के रोकथाम हेतु क्यूनॉलफास 1.5 प्रतिशत चूर्ण 25 कि.ग्रा. प्रति हेक्टर की दर से भुरकाव करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
	ईसबगोल की आर.आई-1, आर.आई-89 व जी.आई-2 इसकी उन्नत किस्मों की बुवाई करे। है। बुवाई हेतु 4-5 किलो बीज प्रति हैक्टेयर के लिए प्रयाप्त है।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	इस समय मौसम परिवर्तनशील रहने के कारण पशुओं को रात के समय छप्पर में बांधे।